भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2058

11 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए

सामान्य पूल आवास दिल्ली

†2058. श्री नवीन जिंदलः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज तक सामान्य पूल आवास (जीपीआरए) - दिल्ली पूल में कुल इकाइयों की स्थान-वार और प्रकार-वार संख्या, कितनी है तथा 30 जून, 2014 तक ऐसी इकाइयों की प्रकार-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार जीपीआरए-दिल्ली पूल की क्षमता में और अधिक वृद्धि करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी स्थानवार और प्रकारवार ब्यौरा क्या है और इसकी अनुमानित लागत और पूरा होने की तिथि क्या है; और

(ग) प्रस्तावित आवासों की संख्या में वृद्धि पूरा हो जाने पर जीपीआरए-दिल्ली पूल में स्थान-वार और प्रकार-वार इकाइयों की संख्या कितनी होगी?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (ग) सरकार सामान्य पूल आवासीय आवास (जीपीआरए) के तहत किसी भी प्रकार का दिल्ली पूल नहीं रख रही है। हालांकि, समय-समय पर जीपीआरए में आवासीय स्टॉक को जोड़ा जाता है। पिछले 10 वर्षों के दौरान दिल्ली में जीपीआरए में विभिन्न प्रकार के 8753 नए आवासीय स्टॉक जोड़े गए।

*****